राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–76/2024

राज्यपाल ने चैती छठ के अवसर पर बिहारवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी

पटना, 12 अप्रैल, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने लोक आस्था का पावन पर्व चैती छठ के अवसर पर बिहारवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल के कहा है कि छठ पूजा के अवसर पर लोग कठिन व्रत रखते हैं तथा अस्ताचलगामी व उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। पूरी श्रद्धा, भक्ति और निष्ठा के साथ मनाया जाने वाला यह पर्व हमें जीवन में आत्मसंयम और अनुशासन बनाये रखने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कामना की है कि यह पर्व बिहारवासियों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आये।

....